ओडीओपी उत्पादों को नीदरलैंड देगा बाजार

लखनऊ। प्रदेश की एक जनपद-एक योजना के उत्पादों को नीदरलैंड सरकार अपने यहां बाजार मुहैया कराएगी। इसके लिए नीरदलैंड और उत्तर प्रदेश निवेश एवं निर्यात को बढ़ाने के लिए ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप के तहत कार्य करेंगे। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग और निवेश एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को नीरदलैंड के राजदूत मार्टिन वदवेन के साथ वर्चुल संवाद कर यूपी और नीदरलैंड के बीच निवेश व व्यापार की संभावनाओं पर बात की।

एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने नीदरलैंड के राजदूत से किया वर्चुअल संवाद

सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि इस योजना को पूरे देश में सराहा जा रहा है। इससे पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है और उत्पादों का निर्यात बढ़ रहा है। प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नई इलेक्ट्रॉनिक्स नीति भी बनाई गई है। उत्तर प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स हेल्थ और रक्षा क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावना है। निवेश की दृष्टि से हेल्थ टूरिज्म एक बड़ा सेक्टर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नीदरलैंड के प्रस्तावित एमओयू को जल्द पूरा करेगी।

इस दौरान नीदरलैंड के राजदूत ने कहा कि नीदरलैंड खाद्य पदार्थों, डेयरी एवं फूलों का अग्रणी उत्पादक देश है। उन्होंने ओडीओपी उत्पादों को अपने यहां बाजार मुहैया कराने के आश्वासन के साथ ही रक्षा क्षेत्र में भी निवेश कराने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने की जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि कोविड के कारण चीन से शिफ्ट होने वाली इकाइयों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगे। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि यूपी तेजी से विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था है। प्रदेश में बेहतर रोड कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया जा रहा है। ब्यूरो

बिजनेस ईको सिस्टम में प्रदेश को प्रथम रैंक

लखनऊ। बिजनेस ईको सिस्टम में उत्तर प्रदेश ने मैदानी क्षेत्र से निर्यात के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एमएसएमई उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि भारत सरकार की ओर से निर्यात की तैयारी के संबंध में जारी इंडेक्स में राज्यों की रैंकिंग भी शामिल है। देश में तटीय प्रदेशों से निर्यात की ज्यादा संभावनाएं होती है, लेकिन मैदानी क्षेत्रों में यूपी सरकार की ओर से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंडेक्स में यूपी को मैदानी क्षेत्रों में बिजनेस ईको सिस्टम में नंबर एक पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर का बड़ा संगठन है। इसे ओडीओपी योजना के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है। ब्यूरो

Amar Ujala P-4 28/08/2020